**दिनांक 12.11.16 को माननीय मुख्यमंत्री, बिहार सरकार के सीतामढ़ी आगमन पर श्री चैतन्य प्रसाद, प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना द्वारा सीतामढ़ी जिला के नगर निकायों एवं शिवहर के नगर निकाय के कार्यपालक पदाधिकारियों के साथ माननीय मुख्यमंत्री जी, बिहार के सात निश्चय योजना अन्तर्गत नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित योजनाओं की हुई समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाहीः—**

---

बैठक हेतु उपस्थित पदाधिकारियों के परिचय के उपरांत माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के द्वारा दिनांक 12.11.2016 को निर्धारित निश्चय यात्रा के तहत् सीतामढ़ी परिभ्रमण कार्यक्रम से अवगत कराते हुए सात निश्चयों में नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक प्रारंभ की गईः—

1. <u>**हर घर नल जल**</u>

(i) <u>**सीतामढ़ी नगर परिषद्**</u>:— कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि नगर पंचायत में चार जल मीनार का निर्माण बिहार राज्य जल पर्षद द्वारा किय जा रहा है जिससे लगभग 90 प्रतिशत आबादी का आच्छादन हो जायेगा। शेष का कार्य नगर परिषद्, सीतामढ़ी द्वारा किया जायेगा जिसे मार्च, 17 तक पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

(ii) <u>**बरगैनिया नगर पंचायत**</u>:— कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि एक साथ वार्डों का प्राक्कलन तैयार कर नवम्बर, 16 के अंत तक निविदा का प्रकाशन कराना सुनिश्चित किया जाय।

(iii) <u>**डुमरा नगर पंचायत**</u>:— कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग का डुमरा नगर पंचायत में एक जल मीनार है जिससे मात्र 39 घरों का कनेक्शन है। कार्यपालक पदाधिकारी को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा बिछाये गये पाईप से अवगत कराने तथा नगर पंचायत के अन्य सभी वार्डों में जलापूर्ति हेतु प्राक्कलन शीघ्र तैयार कर निविदा का प्रकाशन करने का निदेश दिया गया।

(iv) <u>**जनकपुर रोड नगर पंचायत**</u>:— कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यहाँ दो पानी टंकी पूर्व से निर्मित है। शेष के लिए प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। कार्यपालक पदाधिकारी को पूर्व से निर्मित टंकी एवं बिछाये गये पाईपों की वर्तमान स्थिति से अवगत कराने तथा अन्य वार्डों के लिए प्राक्कलन तैयार कर निविदा नवम्बर माह के अंत तक प्रकाशित कराना सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

(v) <u>**बेलसंड नगर पंचायत**</u>:— कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि निविदा प्रकाशन की कार्रवाई की जा रही है। नवम्बर माह के अंत तक निविदा प्रकाशित कर दिया जायेगा।

(vi) **शिवहर नगर पंचायत**:— कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि शिवहर में दो जल मीनार बिहार राज्य जल पर्षद के द्वारा बनाया जा रहा है जिससे 15 वार्ड आच्छादित हो

जायेंगे। उन्हें यह निदेश दिया गया कि बिहार राज्य जल पर्षद द्वारा निर्माण कराये जा रहे मीनार से तथा जलापूर्ति हेतु बिछाये जा रहे पाईपों से सभी वार्डों का आच्छादन हो जाता है या नहीं इस संबंध में बिहार राज्य जल पर्षद के पदाधिकारी से संपर्क कर आश्वस्त हो लें। सभी वार्डों का आच्छादन नहीं होने की स्थिति में जिन क्षेत्रों का आच्छादन नहीं हो रहा है उसका प्राक्कलन तैयार कर शीघ्र कार्रवाई की जाय।

निदेशक, नगरपालिका प्रशासन को निदेश दिया गया कि वे इसका सतत् अनुश्रवण करते रहेंगे तथा यह देखेंगे कि नवम्बर के अंत तक बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुसार सभी नगर निकायों का निविदा प्रकाशन हो जाय। इसकी समय–समय पर समीक्षा करते रहेंगे।

**2. <u>हर घर शौचालय</u>**

(i) **<u>सीतामढ़ी नगर परिषद्</u>**:– कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि विभाग द्वारा किये गये सर्वे के ऑकड़ों में सत्यापन के बाद भिन्नता आ रही है। कार्यपालक पदाधिकारी को इस संबंध में जॉच कर अंतिम रूप से अपना प्रतिवेदन विभाग को शीघ्र समर्पित करने का निदेश दिया गया ताकि इसमें सुधार किया जा सके। इन्हें नवम्बर माह तक 1300 परिवारों को प्रथम किस्त का भुगतान करने तथा सीतामढ़ी नगर परिषद् के 10 वार्ड को दिसम्बर, 16 तक ODF घोषित करने हेतु कार्य करेंगे।

(ii) **<u>बरगैनिया नगर पंचायत</u>**:– कार्यपालक पदाधिकारी को उनके नगर पंचायत हेतु निर्धारित लक्ष्य की जानकारी प्राप्त नहीं रहने तथा कार्य के प्रति उदासीनता बरतने के लिए उनसे स्पष्टीकरण मॉगने का निदेश निदेशक नगरपालिका प्रशासन को दिया गया । कार्यपालक पदाधिकारी को बरगैनिया हेतु निर्धारित लक्ष्य 2310 में से 1000 परिवारों के लिए नवम्बर, 16 तक शौचालय निर्माण प्रारंभ करने का निदेश दिया गया।

(iii) **<u>बेलसंड नगर पंचायत</u>**:– कुल 4951 परिवारों में से 2532 का शौचालय बना हुआ था। 2419 परिवारों को शौचालय नहीं था जिसके विरूद्ध 1437 परिवार को IHSDP से शौचालय का निर्माण करा दिया गया है। शेष 982 में से 732 का स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत निर्माण करा दिया गया है। 205 परिवारों को HFA की योजना से पूरा किया गया है। 45 परिवारों के लिए तत्काल अस्थायी शौचालय की व्यवस्था कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा की गई है जिसे 31 दिसम्बर, 16 तक स्थायी शौचालय में परिवर्तित करने का निदेश दिया गया।

(iv) **<u>डुमरा नगर पंचायत</u>**:– नगर पंचायत, डुमरा में निर्धारित लक्ष्य 3759 है। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि मात्र 468 परिवार को ही शौचालय नहीं है। शत–प्रतिशत व्यक्तियों को इस माह के अंत तक प्रथम किस्त के भुगतान करने का निदेश दिया गया। 6 वार्डों में 30 नवम्बर तक वार्ड सभा कर इसे ODF घोषित करेंगे।

(v) **जनकपुर रोड नगर पंचायतः**— कुल लक्ष्य 609 है। कार्यपालक पदाधिकारी को नवम्बर, 16 तक 550 परिवारों को प्रथम किस्त उपलब्ध कराने तथा मार्च, 17 तक लक्ष्य के अनुरूप शौचालय निर्माण पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

(vi) **शिवहर नगर पंचायतः**— कुल लक्ष्य 2463 निर्धारित है। कार्यपालक पदाधिकारी को नवम्बर, 16 तक 850 परिवरों को प्रथम किस्त देने तथा मार्च, 17 तक लक्ष्य के अनुरूप शौचालय निर्माण कराने का निदेश दिया गया।

सभी कार्यपालक पदाधिकारियों को यह निदेश दिया गया कि मार्च 2017 तक लक्ष्य के अनुरुप शौचालय निर्माण पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।

**3. पक्की नाली–गली योजना**

(i) **सीतामढ़ी नगर परिषद्**:— कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 15 वार्डो का निविदा प्रकाशित हो गया है तथा 10 वार्डो का निविा प्रकियाधीन है जिसे शीघ्र ही प्रकाशित करने का निदेश दिया गया।

(ii) **बरगैनिया नगर पंचायतः**— सभी वार्डो का प्राक्कलन निविदा प्रकिया में है जिसे शीघ्र पूरा करने का निदेश कार्यपालक पदाधिकारी को दिया गया ।

(iii) **बेलसंड नगर पंचायतः**— कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी वार्डो का निविदा प्रकाशन हेतु भेजा जा चुका है।

(iv) **डुमरा नगर पंचायतः**— कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि तीन वार्डो में कार्यादेश निर्गत किया जा चुका है। शेष का प्राक्कलन तैयार कर नवम्बर, 16 के अंत तक निविदा प्रकाशित किये जाने का आश्वासन कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा दिया गया।

(v) **जनकपुर रोड नगर पंचायतः**— कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 11 वार्ड का प्रावकलन तैयार किया जा रहा है। शेष का शीघ्र ही तैयार कर निविदा प्रकाशित कर दिया जायेगा। सभी कार्रवाई शीघ्र पूर्ण कर कार्यादेश निर्गत करने का निदेश दिया गया।

(vi) **शिवहर नगर पंचायतः**— कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 4 वार्डो के निविदा का प्रकाशन हो चुका है शेष का प्रकाशन 30 नवम्बर, 16 तक हो जायेगा।

**4. सबके लिए आवास योजना (HFA)**

(i) **सीतामढ़ी नगर परिषद्**:— कार्यपालक पदाधिकारी को लक्ष्य के अनुरूप सभी घरों को नवम्बर माह के अंत तक कार्य प्रारंभ करने का निदेश दिया गया।

(ii) **बरगैनिया नगर पंचायतः**— कार्यपालक पदाधिकारी को 50 लाभुकों को नवम्बर में गृह निर्माण प्रारंभ कराने का लक्ष्य दिया गया।

(iii) **बेलसंड नगर पंचायत**:– कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि कुल लक्ष्य 270 के विरूद्ध 250 परिवारों को प्रथम किस्त दिया जा चुका है। सभी व्यक्तियों द्वारा गृह निर्माण नवम्बर में शुरू कर दिया जायेगा।

(iv) **डुमरा नगर पंचायत**:– कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि कुल लक्ष्य 411के विरूद्ध 44 व्यक्तियों को प्रथम किस्त दिया गया है और नवम्बर माह के अंत तक 311 परिवार को प्रथम किश्त का भुगतान कर दिया जायेगा।

(vi) **शिवहर नगर पंचायत**:– कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि कुल लक्ष्य 550 के विरूद्ध 342 परिवारों को प्रथम किस्त का भुगतान हो गया है सभी के द्वारा नवम्बर माह के अंत तक कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा।

अंत में मुख्यमंत्री के निश्चय योजनाओं की महत्ता के बारे में बताते हुए लक्ष्य की प्राप्ति हेतु युद्धस्तर पर कार्य करने तथा संपादित किये जाने वाले कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निदेश दिया गया।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई ।

22/11/2016

(चैतन्य प्रसाद)
प्रधान सचिव
नगर विकास एवं आवास विभाग
बिहार, पटना।

ज्ञापांक 8542
पटना, दिनांक 23/11/2016

प्रतिलिपि– विभागीय मंत्री के आप्त सचिव को सूचनार्थ।

22/11/2016
प्रधान सचिव।

ज्ञापांक 8542
पटना, दिनांक 23/11/2016

प्रतिलिपि– सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारी, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ हेतु प्रेषित।

22/11/2016
प्रधान सचिव।

ज्ञापांक 8542
पटना, दिनांक 23/11/2016

प्रतिलिपि– सीतामढ़ी एवं शिवहर जिला के सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22/11/2016
प्रधान सचिव।